**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- विश्व के किसी नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने को नहीं कहा।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कैसे भी अपराध हों, उनके नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।
- प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से जन-जीवन प्रभावित, आज कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, कुछ जिलों के स्कूलों में अवकाश।

समाचार विस्तार सेः-

ऑपरेशन सिंदूर - मोदी टिप्पणी

विश्व के किसी नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने को नहीं कहा है। पाकिस्तान ने ही भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने का आग्रह किया था और कहा था कि वे अब और नहीं सह सकते। अमरीका के उपराष्ट्रपति के साथ बातचीत के दौरान भारत ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया था कि अगर पाकिस्तान हमला करता है, तो भारत बड़ा हमला करके जवाब देगा। यह बातें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा का जवाब देते हुए। श्री मोदी ने कहा कि दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आत्मनिर्भर भारत की ताकत देखी और भारत में बने ड्रोन और मिसाइलों ने पाकिस्तानी हथियारों और गोला-बारूद की क्षमताओं को उजागर किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन में पाकिस्तान के एयरबेस और संपत्तियों को भारी नुकसान हुआ है।

राज्यसभा ऑपरेशन सिंदूर

राज्यसभा में भी कल पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सफल और निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले तीन आतंकवादियों के सफाये के लिए सेना और सुरक्षाबलों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य आतंकी ठिकानों को नष्ट करना और यह स्पष्ट संदेश देना था कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संघर्ष विराम की घोषणा के बारे में सरकार पर खुफिया विफलता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उरी, पुलवामा और पहलगाम हमला खुफिया नाकामी दर्शाता है।

मुख्यमंत्री अपराध नियंत्रण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कैसे भी अपराध हों, उनके नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। अपराध नियंत्रण के कार्यों और नवाचारों में अनेक दृष्टि से मध्यप्रदेश आगे भी है। इस स्थिति को भी बेहतर बनाने के प्रयास हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल रात मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में एक उच्च स्तरीय बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहरों में प्रमुख मार्गों पर स्टंट करने वालों, हथियार लहराने वालों, गौवंश पर अत्याचार या नशे से जुड़े अपराधों में लिप्त तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही हो। पुलिस की उपस्थिति सड़क से लेकर जनता के हृदय तक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ई साक्ष्य से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम सराहनीय हैं। ई-समन में भी प्रगति अच्छी है। इन उपलब्धियों को और बेहतर बनाया जाए। सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग अपराध नियंत्रण कार्यों में हो रहा है। नवीन तकनीक का पूरा उपयोग करें। प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास के सभी कार्य पूर्ण करें। वनाधिकार प्रमाण-पत्र से संबंधित आवश्यक कार्रवाई जरूरतमंद क्षेत्रों में पूर्ण की जाएं।

केंद्रीय मंत्री-शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल सदन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में किसानों के हित में फसल बीमा योजना में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं। अब यदि बीमा कंपनियाँ निर्धारित समय के भीतर क्लेम का भुगतान नहीं करतीं, तो उन पर 12 प्रतिशत का ब्याज लागू होगा, जो सीधे किसान के खाते में डाला जाएगा। इतना ही नहीं, कई बार राज्य सरकारों द्वारा हिस्सेदारी में देरी या असहमति के कारण किसान प्रभावित होते थे। जैसे आंध्रप्रदेश में जगन मोहन रेड्डी की सरकार ने अपना अंशदान नहीं दिया, जिससे भुगतान अटक गया।

अब केंद्र सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि यदि राज्य सरकार हिस्सा न दे या विलंब करे, तब भी केंद्र अपना हिस्सा देगा।

मौसम अलर्ट- अवकाश

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से जन-जीवन प्रभावित है। मौसम विभाग ने आज तीन जिलों में मूसलाधार बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। राजधानी भोपाल सहित कई जिलों में अत्याधिक बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गुना में सेना की मदद लेनी पड़ी। रायसेन में बाढ़ के हालात निर्मित हुए। विदिशा, सीहोर, नर्मदापुरम, राजगढ़, बैतूल में भी तेज बारिश हुई। नर्मदापुरम के तवा, बैतूल के सतपुड़ा, राजगढ़ के मोहनपुरा, भोपाल के कलियासोत, गुना के गोपीकृष्ण बांध के गेट खोले गए हैं। मौसम विभाग ने आज रायसेन, नर्मदापुरम और हरदा जिलों में मूसलाधार बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, भोपाल विदिशा सीहोर,राजगढ़ बैतूल खंडवा देवास शाजापुर गुना शिवपुरी नरसिंहपुर छिंदवाड़ा पाढुर्णा में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। अशोकनगर जिले में बचाव अभियान चलाया गया। खंडवा के ओंकारेश्वर बाँध से 14 गेट खोलकर छोड़ा जा रहा हैं। दमोह जिले में बारिश होने से नदी नाले उफान पर है। रायसेन नगर की कई बस्तियां में जल भराव हुआ है। मुरैना में चम्बल का जल स्तर धीमी गति से खतरे के निशान की ओर बढ़ रहा है।

स्कूल अवकाश

प्रदेश में भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए भोपाल, नर्मदापुरम, रायसेन, विदिशा, गुना, सीहोर और अशोकनगर के सभी स्कूलों में अवकाश की सूचना मिली श्योपुर जिले में आज और कल स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। हालांकि शिक्षक यथावत शाला में उपस्थित रहेंगे और परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य यथावत संचालित किए जाएंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

ऽ -राज्य में जन्माष्टमी के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल कहीं।

ऽ - नशा मुक्त अभियान अंतर्गत आगरमालवा जिले में कल बैडमिंटन, शतरंज, टेबल टेनिस खेल की ओपन महिला पुरुष वर्ग में एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

ऽ - इंदौर जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में नौकरी दिलाने के लिए युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 04 अगस्त सोमवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नन्दा नगर में आयोजित होगा।

ऽ -सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने कहा कि इंदौर को स्वच्छता के साथ ही सड़क सुरक्षा एवं यातायात सुधार के क्षेत्र में भी देश में अव्वल बनाया जाए।

ऽ - डिंडोरी में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय, नरिया में 50-50 सीटों वाले बालक एवं बालिका छात्रावास के निर्माण हेतु वर्चुअल भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से भूमि पूजन संपन्न हुआ।

ऽ -बैतूल जिले में पेट्रोल पंपों की सतत जांच की जा रही है। इसी क्रम में कल तहसील भैंसदेही अंतर्गत ग्राम झल्लार में संचालित रुद्राणी किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप की जांच की गई। अधिकारियों ने पंप की बिक्री पर रोक लगाते हुए विधिसम्मत कार्रवाई कर पंप को सील कर दिया है।

ऽ - बालाघाट में 26 जुलाई से 05 अगस्त 2025 तक चलने वाली जूनियर नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन 04 मैच खेले गए। रेंजर कालेज ग्राउंड में खेले गए मैच में उत्तरप्रदेश की टीम ने अंडमान एवं निकोबार की टीम को 18-0 से एवं त्रिपुरा की टीम ने हिमाचल प्रदेश की टीम को 2-1 से पराजित कर दिया है।

ऽ -कटनी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनजातीय बालक आश्रम चिखला के सहायक शिक्षक एवं अधीक्षक श्री मिठाई लाल अहिरवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई आश्रम में विगत तीन शैक्षणिक सत्रों से छात्रों का प्रवेश शून्य पाए जाने और संचालन व्यवस्था में घोर लापरवाही बरतने पर की गई है।

-------